
**Dabang Dunia (Indore), 11th September 2019, Dabang Dunia 2, Page-2**



# हमें अपनी क्षमताओं से परिचित कराता है मेंटर

## नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए आईआईटी इंदौर में 'मेंटरशिप' कार्यक्रम

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करने के लिए मंगलवार को मेंटोरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर स्टूडेंट्स अपने जूनियर्स को कॉलेज और उससे संबंधित कर्त्तव्य, जिम्मेदारियों से अवगत कराते हैं, साथ ही उनका परिचय भी कराते हैं, जो न केवल लंबे समय तक चलने वाली दोस्ती स्थापित करता है, बल्कि ज्ञानवर्धक भी साबित होता है।



कार्यक्रम के अतिथि वक्ता आईआईएम कोलकाता के पूर्व छात्र और नेशनल स्कूल ऑफ लीडरशिप के चेयरमैन और फाउंडर डॉ. सतसूर्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेंटोर एक ऐसा व्यक्ति है जो हमारी शंकाएं दूर करता है और हमारी आत्मविश्वासी व्यक्ति बनने में सहायता करता है। वह हमारी वास्तविक क्षमताओं से अवगत कराने वाला होता है। उन्होंने मेंटर के लक्षणों पर चर्चा करते हुए बताया कि एक मेंटर को निर्माणकर्ता के रूप में जाना जाता है। छात्रों के जीवन में कई मेंटर आते हैं, जो अपने जीवन से जुड़ी घटनाओं के बारे बताकर आपको सुरक्षित करते हैं, जो आपको मार्गदर्शित करती हैं। इस दौरान विद्यार्थियों के मेंटर से उनकी चिंताओं पर चर्चा की गई। वक्ता ने अपने ज्ञानवर्धक तरीके से समाधान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षण संस्थान के शिक्षकों द्वारा स्मृति चिह्न देकर अतिथि डॉ. सतसूर्या का सम्मान किया गया।